pursued with regard to Kashmir and if soi the details thereof and if not, whether he has made any demand for revamping the State administration and if so, the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAJESH PILOT): (a) to (c) Government are aware of the press report in Question. It is not considered appropriate or necessary to react or respond to such reports attributed to certain leaders or individuals. As a part of the efforts to restore normalcy in the State of Jammu and Kashmir emphasis is also being laid on reactivation of the administration, bringing in greater accountability and bridging the gap between the administration and the people.

Discussion are also being held from time to time with leaders of various political parties, including Dr. Farooq Abdullah with a view to evolving ways add mens to restore normalcy and the political/democratic process in the State and due consideration is being given to the suggestions and ideas that emerge from such discussions.

हत्याओं में घरेलू नौकरों का हाथ होना

5693. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत एक वर्ष के दौरान दिल्ली में ऐसी कितनी हत्याएं हुई जिनमें घरेलू नौकरों का हाथ पाया गया ;

(ख) इनमें से कितने अपराधी पकड़े गये और कितनों की शिनाख्त नहीं हुई है ; और

(ग) इस प्रकार के अपराधों की रोकथाम करने के लिए सरकार ने क्या कारगर कदम उठाये हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. एम. सईद) : (क) हत्या के ऐसे मामलों, जिनमें घरेलू नौकर लिप्त पाए गए, की संख्या वर्ष 1993 में 15 और 1994 में 2 (31.3.1994 तक) है।

(ख) वर्ष 1993 के मामलों के संबंध में 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 1994 के मामलों के संबंध में किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

(ग) इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं ;

(i) क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

(ii) निवासियों द्वारा रखे गए नौकरों के पूर्ववृत्त का सत्यापन किया गया है/किया जा रहा है।

(iii) विभिन्न क्षेत्रों के चौकीदारों को ब्रीफ किया गया है।

(iv) रेजिडेंटस वैलफेयर एसोसिएशनों के साथ बार-बार बैठकें की जाती हैं।

(v) बीट कांस्टेबलों को उनके संबंधित इलाकों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों यदि कोई हो, के पास जाकर उनके कल्याण के बारे में पूछताछ करने के बारे में ब्रीफ किया गया है।

आई.एस.आई. की गतिविधियों का रोक लगाने के लिए कदम उठाना

5694. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय : श्री दिग्विजय सिंह** :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पाक गुप्तचर संस्था आई. एस. आई. की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार आई एस आई की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के